वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: 3293 / गोप0 / 22 दिनांक: 14.11.2022

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–222003।

विषय :– स्नातक द्वितीय सेमेस्टर कला / विज्ञान / वाणिज्य आंतरिक मूल्यांकन, सैद्धान्तिक / प्रायोगिक अंक अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक: 3149 / गोप0 / 22, दिनांक: 13.10.2022 के माध्यम से स्नातक द्वितीय सेमेस्टर कला / विज्ञान / वाणिज्य के आंतरिक / प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर छात्रों के प्राप्तांक का डाटा कालेज लागिन पर उपलब्ध पोर्टल पर फीड कराने के सम्बन्ध में दिनांक: 20 अक्टूबर 2022 तक का समय दिया गया था, परन्तु अनेक महाविद्यालयों द्वारा अभी तक अपने महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक / आन्तरिक परीक्षा (मिडटर्म सेशनल) अंक फीड नहीं किया गया है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि दिनांक: 25 नवम्बर 2022 तक स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों की प्रायोगिक / इन्टर्नल परीक्षा सम्पन्न कराकर उनके प्राप्तांक कालेज लागिन पर उपलब्ध पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें। उक्त के पश्चात ऐसे छात्र जिनके प्राप्तांक नहीं प्राप्त हुए हो उन्हे अनुत्तीर्ण दिखाते हुए परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा एवं तत्पश्चात उसमें कोई परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

भवदीय

(अजीत प्रताप सिंह)
सहायक कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)